# नव प्रवेशी प्रशिक्षणार्थियों का स्वागत किया

भास्कर न्यूज | रूपनगढ़



रूपनगढ़ में स्वामी विवेकानंद शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय में नव प्रवेशी प्रशिक्षणार्थियों का अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि महाविद्यालय सचिव डॉ. बी.एल. देवेन्दा व अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर, प्रभारी रमेश मीणा द्वारा मां सरस्वती के चित्रपट समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। वरिष्ठ प्रशिक्षणार्थियों द्वारा स्वागत गीत, तिलक और मिठाई खिलाकर नए विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। बी.एड. प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय द्वारा विद्यार्थियों को परिसर के वातावरण, नियमों, शैक्षिक व सह शैक्षिक गतिविधियों से परिचित करवाया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत करते हुए बीएड पाठ्यक्रम की संरचना के बारे में जानकारी प्राप्त की। डॉ. कोमल पारीक ने अपने उद्‌बोधन में छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में उचित व्यवहार और अनुशासन को अनुसरित करते हुए अपने अध्ययन को सुचारू रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में लीला जाजोरिया, आंचल सेन, प्रज्ञा मीणा द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई।

# निशुल्क दंत और त्वचा चिकित्सा शिविर में मरीजों को परामर्श दिया

रूपनगढ़। रूपनगढ़ के स्वामी विवेकानंद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शुक्रवार को एकदंत डेंटल एंड कॉस्मेटिक क्लिनिक द्वारा विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क दंत और त्वचा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. शुभम वैष्णव द्वारा दांत एवं त्वचा स्वास्थ्य की जांच की गई और आवश्यक दवाएं निशुल्क वितरित की गई। शिविर में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और अन्य ग्रामीणजनों ने भाग लिया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय ने बताया कि विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को लेकर कॉलेज हमेशा जागरूक रहा है और ऐसे शिविरों का आयोजन नियमित रूप से किया जाता है। ताकि विद्यार्थियों को समय-समय पर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों में भी दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। प्रभारी रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।



प्रमिला, पायल सहित अन्य ने भी विचार व्यक्त किए।

# महाराणा प्रताप के जीवन से हमें लक्ष्यों की प्राप्ति पर प्रतिबद्ध रहना चाहिए

**रूपनगढ़।** रूपनगढ़ के स्वामी विवेकानंद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में दिवेर विजय स्मृति कार्यक्रम के अंतर्गत महाराणा प्रताप एक आदर्श व्यक्तित्व विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ रानू वार्ष्णेय ने की। इस प्रतियोगिता में लगभग 40 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बी एड द्वितीय वर्ष की प्रशिक्षणार्थी सुनीता चौधरी ने प्रथम स्थान व विश्राम गुर्जर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी फराह ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेते हुए हमें लक्ष्यों की प्राप्ति पर प्रतिबद्ध रहना चाहिए। महाविद्यालय प्रबंधन समिति सचिव डॉ बी एल देवेन्दा, अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर द्वारा छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा प्रभारी रमेश मीणा द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।












अधिकारी डॉ रंजना अग्रवाल ने सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्परिणाम बताए। इस दौरान जागरूकता रैली निकाली गई। मुख्य द्वार से लगभग एक किलोमीटर के दायरे में सड़क से प्लास्टिक कचरे को एकत्र कर उसे डिस्पोज भी किया। इस दौरान संजय कनोजिया, डा. एम.के. रांका, डा. सुधा मित्तल, डा. अनिता राय सिंघानी, विश्वजीत, अजहरुद्दीन आदि उपस्थित रहे।

**श्रीनगर**। क्षेत्र के बीर चौराहा स्थित हुकुमचंद नोबल ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक एवं डिस्पोजल का एकत्रीकरण कर निस्तारण किया। स्वयंसेवकों ने गोद लिए दांता गांव में प्लास्टिक के कचरे का निस्तारण कर रैली निकाल कर ग्रामीणों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मुकेश शर्मा ने स्वच्छता को लेकर संदेश दिया।

## स्वभाव स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित

**रूपनगढ़**। राई का बाग क्षेत्र स्थित स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में मंगलवार को स्वभाव स्वच्छता : संस्कार स्वच्छता थीम पर कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय सचिव डॉ. बीएल देवेन्दा और अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर ने दीप प्रज्वलित कर स्वच्छ भारत मिशन पर उद्बोधन दिये। इस सत्र में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा स्वच्छता के संदर्भ में भाषण, गीत, कविता प्रस्तुत किए गए। द्वितीय सत्र में प्रशिक्षणार्थियों ने डॉ. रानू वार्ष्णेय के निर्देशन में मंगरी का बालाजी, नुंवा में श्रमदान किया। इसके अंतर्गत प्रशिक्षणार्थियों ने मंदिर परिसर की साफ सफाई की तथा पौधों के लिए क्यारियाँ बनाई और पौधरोपण किया। तृतीय सत्र में प्लास्टिक कचरा संग्रहण व निस्तारण का कार्य किया। प्राचार्य ने बताया कि प्रशिक्षणार्थी अपने आसपास के क्षेत्र, गली, मोहल्लों से प्लास्टिक कचरा एकत्रित करके लेकर लाए और फिर गड्ढा खोदकर निस्तारण किया गया। समापन सत्र में राष्ट्रगीत का सामूहिक गान किया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## निकाली रैली

**देवली**। नगर में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर राजकीय महाविद्यालय एवं महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में रैली निकाल कर स्वच्छता का संदेश दिया। राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एनएसएस दिवस को स्वच्छता ही सेवा अभियान पर सिंगल यूज प्लास्टिक संग्रहण एवं निस्तारण के रूप में मनाया गया। प्राचार्य प्रो. पूरणमल वर्मा ने बताया कि महाविद्यालय परिसर से लेकर राजकीय चिकित्सालय तक की चारदीवारी तक स्वयंसेवकों द्वारा प्लास्टिक एकत्र कर उसका निस्तारण कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर रैली निकाल कर स्वच्छता का संदेश दिया। रैली को उप प्रधानाचार्य अर्पणा शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम अधिकारी रिंकू पंचोली ने बताया कि इस मौके पर छात्राओं ने विद्यालय में साफ-सफाई एवं पौधरोपण के कार्य को गति प्रदान की।

## गोरधा राजीव गांधी सेवा केंद्र पर किया श्रमदान

**कुशायता**। ग्राम पंचायत गोरधा मुख्यालय के राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर मंगलवार को स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ हुआ। सरपंच पपीता देवी मीणा, ग्राम विकास अधिकारी ग्राम राहुल बैरवा, वार्डपंच सुरेश बलाई ने राजीव गांधी सेवा केन्द्र के अन्दर एवं बहार श्रमदान कर साफ-सफाई की गई और पौधरोपण किया। ग्राम पंचायत गोरधा मुख्यालय के सरपंच पपीता देवी मीणा, ग्राम विकास अधिकारी राहुल बैरवा, सहायक कृषि अधिकारी शरणकुमार आचार्य, कृषि पर्यवेक्षक रामदयाल मीणा, कृषि मित्र रामदेव बलाई, सहकारी समिति के व्यवस्थापक हरिसिंह मीणा, ई-मित्र संचालक शैलेंद्र सिंह शक्तावत, वार्डपंच सुरेश कुमार मेघवंशी आदि मौजूद थे।

# राष्ट्रपिता गांधी और शास्त्री



रूपनगढ़ के स्वामी विवेकानंद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाते विद्यार्थी।

**भास्कर न्यूज | रूपनगढ़**

रूपनगढ़ के स्वामी विवेकानंद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में बुधवार को महात्मा गांधी की जयंती व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि स्वभाव स्वच्छता : संस्कार स्वच्छता की थीम पर भारत दिवस भी मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय सचिव डॉ. बी.एल. देवेन्दा, अध्यक्ष बजरंग लाल भाकर, प्राचार्य डॉ रानू वार्ष्णेय द्वारा महापुरुषों के चित्रपट समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण द्वारा की गई। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी द्वारा बताया गया कि पिछले 15 दिनों से महाविद्यालय में एकल उपयोग प्लास्टिक को इकट्ठा करने और निपटने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। इसके तहत 42 किलो प्लास्टिक कचरे का संग्रहण कर निस्तारण किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व में आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता का परिणाम भी घोषित किया गया जिसमें कमल घासल ने प्रथम, राहुल वैष्णव ने द्वितीय व अनीता चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। व्याख्याता ज्योति बैरवा ने गांधीजी के जीवन प्रेरक प्रसंगों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। डॉ. कोमल पारीक ने लाल बहादुर शास्त्रीजी के जीवन आदर्शों के बारे में जानकारी दी। अन्य प्रशिक्षणार्थियों ने भाषण व कविता प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



रूपनगढ़

कृष्णा गुर्जर के नेतृत्व में मनाया गया। शाला संचालक राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि माता के नौ रूपों के दर्शन मात्र से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है तथा हमारी संस्कृति एंव सभ्यता के लिए ऐसे आयोजन बच्चों के लिए किए जाना आवश्यक है। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने गरबा रास में पखीड़ा पावा गढ़ और ढोलिड़ा ढोल तो बजा रे जैसे गीतों पर डांडिए से गरबा खेले। आयोजन से पूर्व मां शारदा के दीप प्रज्वलित किया गया। इस मौके पर जगदीश रावत, अंजू गैना, निशि यादव, शिल्पा कनोजिया, रितिका प्रजापत, सोनू शर्मा, प्रिया मेहरा, ज्योति शर्मा, लक्ष्मी लक्षकार सहित शाला स्टाफ एंव ग्रामीण मौजूद रहे।

**रूपनगढ़।** स्थानीय राई का बाग क्षेत्र स्थित स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में नवरात्रि के मौके पर गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। महाविद्यालय सचिव डॉ. बी एल देवेन्दा,



अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर, समस्त स्टॉफ सदस्य एवं प्रशिक्षणार्थियों द्वारा मातारानी की पूजा अर्चना कर की गई। प्रशिक्षणार्थियों एवं अध्यापकों ने गरबा की शानदार प्रस्तुति करके माता की आराधना एवं भक्ति की। इस अवसर पर कई तरह के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय ने कहा कि इस प्रकार के उत्सव के जरिए हम भारतीय संस्कृति को जीवंत बनाए रखते हैं। गरबा महोत्सव में आयोजित प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा तथा श्रेष्ठ नृत्यांगना को पुरस्कृत किया गया। प्रभारी रमेश मीणा ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।



नसीराबाद

**नसीराबाद।** शारदीय नवरात्रा में फूलागंज, तेली कुम्हार मोहल्ला, शोभाराम मौहल्ला, गणेश चौराहा, घोसी मौहल्ला आदि में डांडिया नृत्य में श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ उमड़ रही है। डांडिया नृत्य के पश्चात माता की महाआरती करके प्रसादी वितरण कार्यक्रम को अंजाम दिया जा रहा है। नवरात्र के अष्टमी को कन्याओं को पूजा अर्चना करके भोजन कर कर उपहार भेंट किया गया। इसी प्रकार नशा मुक्ति केंद्र बलवंता द्वारा धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। केंद्र के निदेशक संदीप सागवान एवं मुकेश सागवान के नेतृत्व में स्वास्थ्य लाभ ले रहे 64 मरीजों ने भी विशेष पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में शंकर सिंह करण सिंह आदि मौजूद रहे। निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में भी नवरात्रा श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाया जा रहा है।

## संविधान दिवस मनाया

रूपनगढ़| स्वामी विवेकानंद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय रूपनगढ़ में मंगलवार को संविधान दिवस का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि सर्वप्रथम सभी प्रशिक्षणार्थियों एवं व्याख्याताओं ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया एवं संविधान की विशेषता व इसके विस्तृत रूप के बारे में समूह चर्चा की। इस मौके पर व्याख्याता ज्योति बैरवा के निर्देशन में संविधान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसमें संविधान से संबंधित प्रश्नों के उत्तर प्रशिक्षणार्थियों द्वारा उत्साहित होकर दिए गए। विजेताओं को महाविद्यालय की तरफ से प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# भारतीय भाषा उत्सव से राष्ट्रीय एकता का निर्माण

रूपनगढ़। कस्बे में शनिवार को स्वामी विवेकानंद शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के दिशा निर्देशानुसार भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि सर्वप्रथम महाविद्यालय प्रबंधन समिति सचिव डॉ. एम.एल. देवेंदा एवं अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय ने बताया कि भारतीय भाषा उत्सव का उद्देश्य लोगों में अन्य भाषा को सीखने के प्रति प्रोत्साहन, राष्ट्रीय एकता का निर्माण और बहुभाषावाद को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में विद्यार्थी मनोज मेघवंशी व सुनीता शर्मा ने मारवाड़ी, ज्योति सोलंकी ने हरियाणवी तथा गणेश और संतोष मीणा ने हिंदी आदि भाषाओं में कविता की प्रस्तुतियां दी। छात्रा किरण और सोनिका वैष्णव ने तेलगू और मारवाड़ी गीतों पर नृत्य की प्रस्तुतियां दी। महाविद्यालय व्याख्याताओं ने हिंदी, संस्कृत, मैथिली, पंजाबी, बंगाली, मराठी आदि भारतीय भाषाओं में विविध गतिविधियों के माध्यम से सुप्रसिद्ध लेखकों, कवियों, महापुरुषों, वैज्ञानिकों, खिलाड़ियों व संगीतकार आदि के जीवन परिचय व उपलब्धियों के विषय में जानकारी प्रदान दी।

# सत्य व कर्तव्य निष्ठा के मार्ग को अपनाने पर ही सफलता आपके कदमों को चूमेगी

**रूपनगढ़।** रूपनगढ़ में स्वामी विवेकानंद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शनिवार को विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि महाविद्यालय सचिव डॉ. बी. एल. देवेन्दा व अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर ने दीपक प्रज्वलित करके मां सरस्वती की वंदना के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रानू रॉय ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों ने जो इस कॉलेज में सीखा है उसे अपने आने वाले जीवन में एक प्रेरणा और एक लक्ष्य के रूप में अपनाकर अपना भविष्य संवारें। कार्यक्रम में बी. एड. प्रथम वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों ने बी. एड. द्वितीय वर्ष के



विद्यार्थियों का तिलक लगाकर अभिनन्दन किया और उपहार प्रदान किए। कार्यक्रम में मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। रैप वॉक में बी. एड. द्वितीय वर्ष की छात्रा सुमन देवी जाट को मिस फेयरवेल एवं बी. एड. द्वितीय वर्ष के छात्र विशाल सिंह शेखावत को मिस्टर फेयरवेल चुना गया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने कहा कि उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए सभी को सत्य व कर्तव्य निष्ठा के मार्ग को अपनाना चाहिए, जिससे सफलता आपके कदमों को चूमेगी तथा आप अपने महाविद्यालय, परिवार, गांव, समाज और देश का नाम रोशन करेंगे। विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में बिताये अपने सुनहरे पलों को मनमोहक भाषण द्वारा प्रस्तुत किया। इसके साथ ही समस्त स्टॉफ ने भी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया एवं जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

## तीन कक्षा कक्षों का लोकार्पण किया


**कार्यालय नगर निगम कोटा दक्षिण (राज0)**

प्रशासनिक भवन, राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, कोटा (राज0)

**कार्यालय नग**

क्रमांक नगर निगम 2024–25 /

**Expressi**

नगर निगम भरतपुर द्वारा Developm

Nagar as Amusement Park on "Desig

# राष्ट्रीय युवा सप्ताह समारोह का उद्घाटन किया

रूपनगढ़। रूपनगढ़ में सोमवार को स्वामी विवेकानंद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा सप्ताह समारोह का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर सर्वप्रथम महाविद्यालय सचिव डॉ बीएल देवेंदा, अध्यक्ष बजरंग लाल भाकर, प्राचार्य डॉक्टर रानू वार्ष्णेय ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने अपने उद्बोधन में स्वामी विवेकानंद जयंती की शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों को बताया कि जितना बड़ा संघर्ष होगा जीत उतनी ही शानदार होगी। महाविद्यालय प्राचार्य ने अपनी प्रेरणात्मक उद्बोधन में युवाओं को विवेकानंद जी की जीवनी के बारे में बताया तथा उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में एकल व सामूहिक नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। जिसमें विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी।

# ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग कर देश के लिए उपयोगी बने

## नैतिक मूल्य और आध्यात्मिकता विषय पर व्याख्यान

रूपनगढ़। स्वामी विवेकानंद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सहयोग से \'नैतिक मूल्य और आध्यात्मिकता\' विषय पर अतिथि व्याख्यान हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत ज्योति बैरवा के स्वागत भाषण से हुई। मुख्य वक्ता ब्रह्मकुमारी कविता दीदी ने मेडिटेशन, सोशल मीडिया के प्रभाव, नैतिक मूल्य और आध्यात्मिकता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि युवा ऊर्जा से भरे होते हैं। इस ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग कर वे देश के लिए उपयोगी मानव संसाधन बन सकते हैं। उन्होंने स्वामी विवेकानंद, झांसी की रानी और अन्य महान व्यक्तियों के उदाहरण दिए। ब्रह्मकुमार हरदयाल भाई ने युवाओं की सोच को आकार देने में नैतिक मूल्यों की भूमिका पर जोर दिया। अंत में सामूहिक मेडिटेशन और ध्यान केंद्र की गतिविधियां करवाई गईं। प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय ने धन्यवाद किया। सचिव डॉ. बी.एल. देवेंदा और अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर ऑनलाइन जुड़े। रमेश मीणा, स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।



# छात्राओं ने भारतीय संस्कृति की झलक को पेश किया

**भास्कर न्यूज** | रूपनगढ़

स्वामी विवेकानंद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में फाग महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। महाविद्यालय प्राचार्य रानू वार्ष्णेय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

छात्राओं ने लोकगीत, लोकनृत्य, भजन और होली नृत्य के जरिए भारतीय संस्कृति की सुंदर झलक पेश की। सभी छात्राओं और स्टाफ सदस्यों ने फूलों से होली खेली। डॉ. कोमल पारीक ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि होली पर केमिकल रंगों की बजाय हर्बल गुलाल का उपयोग करना चाहिए। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# आयुर्वेद की वैज्ञानिकता और स्वास्थ्य पर प्रभाव से अवगत कराया

## त्रिदोष सिद्धांत, आहार-विहार की महत्ता और योग के साथ संयोजन की जानकारी दी

भास्कर न्यूज | रूपनगढ़|

स्वामी विवेकानंद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शुक्रवार को 'आयुर्वेद और मानव स्वास्थ्य' विषय पर विशेष अतिथि व्याख्यान हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आयुर्वेद की वैज्ञानिकता और इसके स्वास्थ्य पर प्रभाव से अवगत कराना था। शुरुआत प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय ने दीप प्रज्वलन से की। मुख्य अतिथि और वक्ता डॉ. अनीश ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। वे प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य हैं। उन्होंने त्रिदोष सिद्धांत, आहार-विहार की महत्ता और योग के साथ संयोजन पर विस्तार से जानकारी दी। डॉ. अनीश ने बताया कि आधुनिक जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों का समाधान आयुर्वेद में है। जड़ी-बूटियों और प्राकृतिक उपायों से शारीरिक और मानसिक संतुलन पाया जा सकता है। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थी और स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। विद्यार्थियों ने आयुर्वेद से जुड़े सवाल पूछे। डॉ. अनीश ने सरल भाषा में उनके उत्तर दिए। अंत में महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। व्याख्यान विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा।

# गर्मी में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए, दाना-पानी रखा

रूपनगढ़। स्वामी विवेकानंद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में जैव विविधता दिवस पर पक्षी मित्र अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य गर्मी में बेजुबान पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करना रहा। महाविद्यालय परिसर में कई स्थानों पर परिंडे लगाए गए। इनमें रोजाना दाना और साफ पानी डाला जाएगा। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय ने कहा कि हर जीव का जीवन से गहरा संबंध है। व्याख्याता ज्योति बैरवा ने अभियान को लगातार जारी रखने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि यह अभियान पक्षियों के लिए उपयोगी रहा है।

कार्यालय नगर निगम ग्रेटर जयपुर
(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लाल कोठी, टोंक रोड, जयपुर-15)

दैनिक भास्कर Pg No. 2

दिनांक - 23 मई 2024

# पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया

भास्कर न्यूज | रूपनगढ़

रूपनगढ़ के स्वामी विवेकानंद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय सचिव डॉ. बी.एल. देवेंदा और अध्यक्ष बजरंग लाल भाकर ने प्रेरणादायक संदेश के साथ की। उन्होंने पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने और प्रकृति के संरक्षण का संकल्प लेने की बात कही। प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय ने मुख्य उद्‌बोधन दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण अब वैश्विक जरूरत बन चुका है। विद्यार्थियों से पूरे वर्ष जागरूक और सक्रिय रहने की अपील की। कार्यक्रम में पौधारोपण और पौधों की देखरेख की गतिविधियां हुईं। व्याख्याता ज्योति बैरवा के निर्देशन में प्रशिक्षणार्थियों ने महाविद्यालय परिसर में कई पौधे लगाए। उनकी निराई-गुड़ाई और देखभाल की जिम्मेदारी भी ली।

इस वर्ष पर्यावरण दिवस की थीम "प्लास्टिक प्रदूषण को हराना" रही। इस पर आधारित नारा लेखन प्रतियोगिता हुई। प्रशिक्षणार्थियों ने इसमें उत्साह से भाग लिया। उन्होंने प्लास्टिक के नुकसान और उसके विकल्पों पर जागरूकता फैलाई। कार्यक्रम में रमेश मीणा, शिक्षकगण और सभी प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। कार्यक्रम का समापन संकल्प और उत्साह के साथ हुआ।



रूपनगढ़ के स्वामी विवेकानंद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में गुरुवार को पौधारोपण किया गया का

दैनिक भास्कर 06.06.2025

Pg. No. - 2

# वैज्ञानिक और सांस्कृतिक महत्व की दी जानकारी

भास्कर न्यूज | रूपनगढ़

स्वामी विवेकानंद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर उपखंड स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यह आयोजन रूपनगढ़ पंचायत और आयुष्मान आरोग्य के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई। उपखंड अधिकारी दीपशिखा, किशनगढ़ पंचायत समिति के प्रधान रामचंद्र थाकण, तहसीलदार कीर्ति भारद्वाज, पूर्व सरपंच डीसीवी किरण और ग्राम पंचायत प्रशासक मुकेश प्रजापत, कॉलेज प्रबंधन समिति अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर और प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इसके बाद सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारित संदेश सुना। प्रधानमंत्री ने "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य" थीम पर बोलते हुए योग को मानव जीवन और पर्यावरण के संतुलन का आधार बताया। कॉलेज प्रभारी रमेश मीणा ने इस वर्ष की थीम पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने योग के वैज्ञानिक और सांस्कृतिक महत्व को समझाया।

योगाभ्यास सत्र का संचालन योग प्रशिक्षकों मेघना देवी और डीसीवी किरण ने किया। उन्होंने छात्राओं, शिक्षकों और अन्य उपस्थित लोगों को योगासन, प्राणायाम और ध्यान की विधियां सिखाईं। कार्यक्रम में थाना प्रभारी सत्यवान सिंह मीणा, नायब तहसीलदार सुभाष, शिक्षक, कर्मचारी, राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय से डॉ. अनीश, कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा। समापन पर एसडीएम दीपशिखा ने सभी को स्वस्थ जीवन, पर्यावरण की सुरक्षा और नियमित योगाभ्यास का संकल्प दिलवाया।

दैनिक भास्कर 22 June 2025

Pg. No. — 8